दिन–सोमवार दिनांक– 09/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अठारह से सत्तर वर्ष की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ। पहले तीन वर्ष के लिए बीमा सखी को मिलेगा मासिक भत्ता।

02. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतों की गिनती जारी। देर रात तक परिणाम आने की संभावना।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने बीपीएससी द्वारा आयोजित एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पटना, गया और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश। ठंड में हुई बढ़ोतरी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से अठारह से सत्तर वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश ने बीमा सखी योजना के शुभारंभ के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ओर कदम बढ़ा लिया है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि योजना के तहत दो लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस योजना से एक बीमा सखी को औसतन प्रतिवर्ष पौने दो लाख रूपये की आमदनी हो सकेगी। श्री मोदी ने कहा कि बीमा सखी सार्वभौमिक बीमा के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होंगी।

–––बाईट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने कुछ वर्ष पहले पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू किया था। इस अभियान का न केवल हरियाणा में बल्कि देशभर

में सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम कर रही हैं।

———बाईट———

इस अवसर पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि अठारह से सत्तर वर्ष तक की महिलाएं बीमा सखी योजना का लाभ उठा सकेंगी। उन्होंने कहा कि बीमा सखी डेवलपमेंट ऑफिसर के पद तक जा सकती हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना जारी है। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि निर्दलीय उम्मीदवार बृजवासी छह हजार दो सौ अट्ठासी मतों के साथ आगे चल रहे हैं। वहीं, राजद के गोपी किशन को पांच हजार सात सौ इक्कीस, जदयू के अभिषेक झा को पांच हजार दो सौ चौंतीस और जनसुराज के विनायक गौतम को चार हजार एक सौ बावन मत मिले हैं।

———बाईट———

उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————————

उन्नीस सौ नब्बे बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संजय मल्होत्रा को भारतीय रिजर्व बैंक का गवर्नर नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंजूरी दे दी है। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के आईएएस अधिकारी संजय मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

———————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा को लेकर परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि साइबर अपराधियों और असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा के संबंध में भ्रम फैलाने

की आशंका है। इसे देखते हुए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि फर्जी फोन कॉल और सोशल मीडिया के माध्यम से आने वाले किसी संदेश पर भरोसा न करें। इसकी सूचना तत्काल मोबाईल नंबर– **आठ पांच चार चार चार दो आठ चार शून्य चार** और एनसीआरपी पोर्टल के हेल्पलाईन नंबर– **एक नौ तीन शून्य** पर दें।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में आज सुबह कई जगहों पर हल्की बारिश हुई है। पटना, गया, अरवल, रोहतास, औरंगाबाद, गोपालगंज और सीवान जिले में बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि ग्यारह दिसम्बर के बाद से राज्य के मौसम में एक बार फिर परिवर्तन होगा। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। वहीं, सुबह के समय कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नौ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ सहरसा जिले का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान सोलह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बीएसडीएमए और यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम, यूएनडीपी के बीच आपदा जोखिम प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए आज पटना में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत आपदा प्रबंधन योजनाओं के निर्माण, पदाधिकारियों के प्रशिक्षण और समुदायों की क्षमता बढ़ाने जैसे विषयों पर यूएनडीपी बिहार को तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. उदय कान्त ने कहा कि यूएनडीपी के सहयोग से बिहार की आपदा प्रबंधन नीति और अधिक प्रभावी होगी।

———बाईट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। श्री कुमार ने समारोह में छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में राज्य के स्कूली छात्रों के लिए मशाल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शिक्षा विभाग, खेल विभाग और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों से खेल प्रतिभाओं की खोज करना है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, साइकिलिंग और वॉलीबॉल जैसे खेलों में लगभग अंठावन लाख स्कूली बच्चे भाग लेंगे।

———————————————————————

दिल्ली से शिलांग जा रही एक फ्लाइट की पटना हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गयी। पक्षी से टकरा जाने के कारण पायलट ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करवाई। विमान में सवार सभी अस्सी यात्री सुरक्षित हैं।

———————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय, डीआरआई की टीम आज पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल के हंसटोला में छापेमारी कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। हिरासत में लिए गए व्यक्ति पर दूसरे लोगों के नाम से फर्म बनाकर करोड़ों रूपये लेन–देन करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान कई आपत्तिजनक कागजात भी जब्त किये गये।

———————————————————————

नवादा की साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति को साइबर अपराधियों ने पांच लाख रूपये लोन का प्रलोभन दिया। बातचीत के क्रम में पुलिस ने साइबर अपराधियों के ठिकाने की जानकारी एकत्र कर छापेमारी की और नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक राईफल और दो कारतूस बरामद किये गये।

———————————————————————

कैमूर जिले के भभुआ थाना क्षेत्र के मचियाव गांव से पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में ग्यारह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————————

दरभंगा के मब्बी थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक ट्रक से तीन सौ पैंतालीस कार्टन शराब बरामद की है। मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————————————

मुंगेर जिले के बासुदेवपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने चार सौ छह लीटर शराब और एक वाहन को जब्त किया है।

————————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के भंगहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने बीस किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया है।

————————————————————————————

पूर्णिया जिले के अमौर प्रखंड के सोनापुर गांव में आग लग जाने से इक्कीस घर जलकर नष्ट हो गए। अगलगी की इस घटना में लगभग पचास लाख रूपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

————————————————————————————

सारण जिले के सोनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लालू यादव चौक के पास सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अठारह से सत्तर वर्ष की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बीमा सखी योजना का किया शुभारंभ। पहले तीन वर्ष के लिए बीमा सखी को मिलेगा मासिक भत्ता।

02. बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के लिए मतों की गिनती जारी। देर रात तक परिणाम आने की संभावना।

03. आर्थिक अपराध इकाई ने बीपीएससी द्वारा आयोजित एकीकृत सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थियों को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पटना, गया और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश। ठंड में हुई बढ़ोतरी।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।